तिलक-नीतीश ने न्यूजीलैंड से छीनी जीत

शृंखला में 2-0 की बढ़त बनायी, भारत को आखिरी पांच ओवर में जीत के लिए 68 रनों की थी जरूरत

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला जीत लिया है। आखिरी ओवर में टीम इंडिया को 4 विकेट से जीत मिली। तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी जीत के हीरो रहे। आखिरी 5 ओवर में भारत को जीत के लिए 68 रनों की जरूरत थी और 6 विकेट गिर चुके थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाज पूरी तरह हावी थी लेकिन इसके बाद भी भारत ने आखिरी ओवर में मैच अपने नाम कर लिया। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 5 विकेट पर 180 रन बनाए थे। 5 मैचों की सीरीज में भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली है।तिलक वर्मा 17वें ओवर के बाद 13 गेंद पर 17 रन बनाकर खेल रहे थे। आखिरी ओवर में उन्होंने 24 गेंदों पर फिफ्टी ठोक दी। 19वें ओवर में उन्होंने नाथन स्मिथ के खिलाफ तीन चौके और एक छक्का लगाकर 18 रन बनाए। आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी। 5वीं गेंद पर भारत ने मैच जीत लिया। 26 गेंदों पर 6 चौके और एक छक्का लगाकर तिलक ने 51 रन बना। नीतीश कुमार




रेड्डी ने 13 गेंद पर 26 रनों की पारी खेली। नीतीश और तिलक के बीच 30 गेंदों पर 69 रनों की नाबाद साझेदारी हुई।

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टिम सीफर्ट को सिर्फ 7 रनों के स्कोर पर अर्शदीप सिंह ने पवेलियन भेजा। इसके बाद भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर डेरिल मिचेल तिलक वर्मा को कैच किया और वह 16 रन ही बना सके। 41 के स्कोर पर 3 विकेट खोकर मुश्किल में दिख रही न्यूजीलैंड की पारी को एक बार फिर ग्लेन फिलिप्स और बेवन जैकब्स ने संभाला। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 76 गेंदों में 116 रनों की शानदार साझेदारी निभाई।जैकब्स ने 46 गेंदों का सामना करते हुए 58 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 5 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, ग्लेन फिलिप्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 43 गेंदों में 70 रनों की आतिशी पारी खेली। फिलिप्स ने अपनी इस इनिंग में 4 चौके और चार छक्के लगाए। मिचेल सैंटनर 4 और माइकल ब्रेसवेल 2 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत की ओर से गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार एक बार फिर काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने 4 ओवर में 50 रन देकर सिर्फ एक विकेट चटकाया।

गेम्स की क्लोजिंग सेरेमनी में मोना निषाद होंगे भारत के ध्वजवाहक

नयी दिल्ली (एजेंसी)। एशियन पैरा गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी में पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल और एथलीट निषाद कुमार भारत के ध्वजवाहक होंगे। इन दोनों खिलाड़ियों



ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। मोना ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन एसएच1 इवेंट में भी उनका प्रदर्शन जोरदार रहा और उन्होंने इस स्पर्धा में भी गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। मोना ने 357.5 के वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया।वहीं, निषाद कुमार ने ऊंची कूद और लंबी कूद में देश को दो गोल्ड मेडल दिलाए। उन्होंने फाइनल में 2.04 मीटर की ऊंचाई को पार करते हुए नया गेम्स रिकॉर्ड भी कायम किया। ओपनिंग सेरेमनी में भारत की ओर बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत और सिमरन शर्मा भारत के ध्वजवाहक रहे थे।

एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने इतिहास रचते हुए अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने कुल 114 मेडल जीते जिसमें 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। पिछले एशियन पैरा गेम्स में भारत ने कुल 111 मेडल जीते थे,जिसमें 29 गोल्ड शामिल थे। हालांकि, पिछले रिकॉर्ड को इस बार भारतीय पैरा एथलीट्स ने ध्वस्त करते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है।

वहीं, संदीप सरगर ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने में सफल रहे। इस तरह पोडियम पर भारत के तीनों खिलाड़ियों ने जगह बनाई। इसके साथ ही नितेश कुमार, नवीन शिवकुमार, हरविंदर सिंह-संदीप विजय ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। संदीप कुमार ने 400 मीटर टी64 में नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। बैडमिंटन, तीरंदाजी और एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा बरकरार रहा।

टी-20 : पावरप्ले में 100 छक्के लगाने वाले अभिषेक पहले खिलाड़ी बने

क्राइस्टचर्च (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अभिषेक पावरप्ले में 100 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और अब उनके आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि वह अन्य बल्लेबाजों से कितना आगे हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में मैच के शुरुआती छह ओवरों के दौरान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अभिषेक शर्मा 100 छक्कों के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा इस सूची में 98 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं, जबकि न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल 97 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग 94 छक्कों के साथ चौथे और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक 87 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इस तरह अभिषेक ने रोहित को दो और गप्टिल को तीन छक्कों से पीछे छोड़ दिया है।

एशियन पैरा गेम्स में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

आइची नागोया (एजेंसी)। भारत ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। जापान के आइची-नागोया में आयोजित इन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य सहित कुल 114 पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही भारत ने 2023 में चीन के हांग्झू में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। हांग्झू में भारत ने 27 स्वर्ण सहित कुल 108 पदक जीते थे। इस बार भारतीय पैरा एथलीटों ने कम खिलाड़ियों के दल के बावजूद पदकों की संख्या में इजाफा किया। एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के साथ बैडमिंटन, तीरंदाजी और निशानेबाजी में भी भारत को कई अहम सफलताएं मिलीं। अभियान के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने कई स्पर्धाओं में विश्व रिकॉर्ड और गेम्स रिकॉर्ड भी बनाए।

भारत ने इस बार इन खेलों में 168 खिलाड़ियों का दल भेजा था जो 2023 में हांग्झू में हुए पिछले चरण में हिस्सा लेने वाले दल की संख्या से लगभग आधा था। भारतीय खिलाड़ियों ने हांग्झू में 27 स्वर्ण सहित 108 पदक जीते थे जो उस समय देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। शुक्रवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीतने में पैरा एथलेटिक्स का दबदबा नहीं रहा बल्कि बैडमिंटन खिलाड़ियों, तीरंदाजों और निशानेबाज मोना अग्रवाल ने भी भारत के पदकों की संख्या बढ़ाने में अहम योगदान दिया। इस तरह भारत ने 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदकों के साथ अपना अभियान पूरा किया।भारत फिलहाल पदक तालिका में चौथे स्थान पर है, लेकिन शनिवार को कुछ स्पर्धाओं के फाइनल होने के कारण उसकी स्थिति बदल सकती है। भारत का उन स्पर्धाओं में कोई खिलाड़ी हिस्सा नहीं ले रहा है। अभियान के आखिरी दिन भारत ने नौ स्वर्ण पदक जीते जो इस चरण में उसका एक दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ये स्वर्ण पदक तीरंदाजी, निशानेबाजी, बैडमिंटन और एथलेटिक्स में मिले। एथलेटिक्स ने हमेशा की तरह भारत के लिए पदक संख्या में इजाफा किया। इस स्पर्धा में भारत ने कुल 65 पदक जीते जो 2023 के मुकाबले 12 अधिक हैं। शुक्रवार को हालांकि बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी सुर्खियां बटोरीं और तीन स्वर्ण पदक जीते। इनमें पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नितेश कुमार और नवीन शिवकुमार के व्यक्तिगत वर्गों के स्वर्ण पदक शामिल हैं।

एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 30 स्वर्ण 35 रजत और 49 कांस्य सहित कुल 114 पदक जीते और पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया।

भारत ने हांग्झू 2023 में बनाये गये 108 पदकों के अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

अनाहत का सेमीफाइनल में सफर हुआ समाप्त

रेडवुड सिटी (एजेंसी)। सिलिकॉन वैली ओपन के सेमीफाइनल में मलयेशिया की शिवसांगरी सुब्रमण्यम से हारकर भारतीय स्टार अनाहत सिंह का सफर समाप्त हो गया। अनाहत को शिवसांगरी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। अनाहत सिंह ने मलयेशियाई खिलाड़ी के खिलाफ जोरदार शुरुआत की और पहला गेम 11-5 से जीत लिया। हालांकि, इसके बाद सुब्रमण्यम ने अपने खेल का स्तर बढ़ाया और 37 मिनट तक चले मुकाबले को 11-5, 6-11, 4-11, 7-11 से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

यह अनाहत की मलयेशियाई खिलाड़ी से कुल मिलाकर चौथी और प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) टूर पर तीसरी हार थी।

भारत ने 72 साल बाद मिश्रित युगल में पदक किया पक्का

हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी सेमीफाइनल में

ताशकंद (एजेंसी)। हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े की भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर 72 साल बाद चैंपियनशिप की मिश्रित युगल स्पर्धा में भारत का पहला पदक पक्का किया। भारतीय जोड़ी ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया के पार्क गांगह्योन और ली डेउन की जोड़ी को 3-2 (11-6, 8-11, 8-11, 11-9, 11-9) से हराया। इस जीत के साथ भारत का कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो गया। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना जापान के मिवा हारिमोटो और सोरा मात्सुशिमा से होगा। पांच गेम तक चले इस मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने विपरीत परिस्थितियों से उबरने और अहम मौकों पर धैर्य और एकाग्रता का शानदार मिश्रण दिखाया। हरमीत और यशस्विनी ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद अगले मुकाबलों में चीनी ताइपे को 3-1 और इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।



भारत ए के बल्लेबाजों ने किया निराश

पहली पारी में सस्ते में ढेर, न्यूजीलैंड ए को बढ़त, आकिब ने लिए दो विकेट

लिंकन (एजेंसी)। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच पहला अनौपचारिक टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पहली पारी में भारतीय बल्लेबाज फ्लॉप रहे जिससे भारत ए की पहली पारी 113 रन पर ऑलआउट हो गई। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ए ने पहली पारी में तीन विकेट पर 135 रन बनाए हैं और उसे 22 रनों की बढ़त हासिल हो चुकी है। स्टंप्स के समय कर्टिस हैफी 37 और मैथ्यू बोयले खाता खोले बिना क्रीज पर मौजूद थे। भारत ए की ओर से आकिब नबी को दो और मुकेश चौधरी को एक विकेट मिला है। भारत ए को सस्ते में ऑलआउट करने के बाद न्यूजीलैंड ए ने मजबूत शुरुआत की। कर्टिस और कप्तान रिस मारियू ने पहले विकेट के लिए 132 रनों की साझेदारी कर न्यूजीलैंड ए को बढ़त दिला दी। इन दोनों बल्लेबाजों ने अकेले इतने रन जोड़े जितने भारत ए की पूरी टीम मिलाकर भी नहीं बना सकी। दिन के खेल की समाप्ति से पहले मुकेश ने इस साझेदारी को तोड़ा। मुकेश ने मारियू को अपना शिकार बनाया जो 137 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आकिब नबी



ने अपना दम दिखाया और लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लिए। आकिब ने जेडन लिनॉक्स और टिम रॉबिनसन को खाता खोले बिना आउट किया।

इस मैच में न्यूजीलैंड ए ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहली पारी में भारत ए की पहली पारी सस्ते में ऑलआउट हो गई और भारतीय बल्लेबाज अपना दम नहीं दिखा सके। न्यूजीलैंड की सीनियर टीम के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज को देखते हुए ये अनौपचारिक मुकाबला अहम है। भारत ए टीम में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें न्यूजीलैंड की सीनियर टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। लेकिन इनके प्रदर्शन ने भारत की चिंता बढ़ा दी है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। भारत ए टीम ने यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे अनुभवी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन ये दोनों भी पूरी तरह फ्लॉप साबित हुए। केएल राहुल तो खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए, जबकि यशस्वी ने 17 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए साइमन कीन और जैक गिब्सन ने कहर बरपाया और भारतीय पारी को लड़खड़ा दिया।

भारत ए की ओर से पहली पारी में यश राठौड़ और देवदत्त पडिक्कल ही कुछ रन बना सके, जबकि अन्य बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप साबित हुए। पडिक्कल ने 77 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 32 रन बनाए, जबकि यश 49 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 44 रन बनाकर नाबाद लौटे।

फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचीं पीवी सिंधू

पेरिस (एजेंसी)। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जापान की हिना अकेची को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-10, 20-22, 21-16 से हराया। अब खिताब के लिए उनका सामना दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर-1 खिलाड़ी एन से यंग से होगा। 31 वर्षीय सिंधू ने एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार धैर्य और अनुभव का परिचय दिया।



इस साल यह उनका दूसरा सुपर 750 फाइनल है। इससे पहले उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया था। मुकाबले की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर 4-4 और फिर 8-8 से बराबर रहा। हालांकि, सिंधू ने ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल दिखाते हुए अंतिम 12 में से 11 अंक जीते और पहला गेम 21-10 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जापान की हिना अकेची ने शानदार वापसी की। सिंधु ने पिछड़ने के बाद स्कोर 7-7 और फिर 10-10 से बराबर किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला लगातार रोमांचक बना रहा। सिंधू ने 14-14 और 16-16 पर बराबरी हासिल की, लेकिन अकेची ने गेम प्वाइंट हासिल कर लिया। सिंधू ने 20-20 पर स्कोर बराबर करके मुकाबले में वापसी की कोशिश की, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने अगला मौका भुनाते हुए दूसरा गेम 22-20 से जीत लिया। इससे मुकाबला निर्णायक तीसरे गेम में पहुंच गया। तीसरे गेम में सिंधू ने 5-3 की बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन अकेची ने वापसी करते हुए 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अपनी लय पकड़ी और ब्रेक तक दो अंकों की बढ़त बनाए रखी।

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

पटना। खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना की मेजबानी में वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालिका अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को खेल भवन-सह-व्यायामशाला, राजेंद्र नगर, पटना में हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में राज्य के नौ प्रमंडलों और एकलव्य बिहार की चयनित बालिका बॉक्सर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन पटना के उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।



पहले दिन के परिणाम : अंडर-17 आयु वर्ग -42 किलोग्राम भार वर्ग - शहनाज प्रवीण (पूर्णिया प्रमंडल) ने आस्था सिंह (मगध प्रमंडल), परी कुमारी (सारण प्रमंडल) ने मोनू प्रिया (तिरहुत प्रमंडल), गुड़िया कुमारी (पटना प्रमंडल) ने खुशी कुमारी (मुंगेर प्रमंडल) को हराया। **42-44 किलोग्राम भार वर्ग :** शाम्भवी कुमारी (सारण प्रमंडल) ने गुनगुन रंजन (मगध प्रमंडल), खुशबू कुमारी (पटना प्रमंडल) ने अभिलाषा कुमारी (मुंगेर प्रमंडल) को पराजित किया। **44-46 किलोग्राम भार वर्ग :** अंजली कुमारी (पटना प्रमंडल) ने प्रिया कुमारी (मुंगेर प्रमंडल) को हराया। **46-48 किलोग्राम भार वर्ग :** शिवानी कुमारी (सारण प्रमंडल) ने शबनम (मुंगेर प्रमंडल), अंजू कुमारी (पटना प्रमंडल) ने सायबा प्रवीण (दरभंगा प्रमंडल) को हराया। **48-50 किलोग्राम भार वर्ग :** अकांक्षा कुमारी (पटना प्रमंडल) ने हनीफा फैज (दरभंगा प्रमंडल) को हराया। **52-54 किलोग्राम भार वर्ग :** खुशनुमा प्रवीण (दरभंगा प्रमंडल) ने अनु गुप्ता (मुंगेर प्रमंडल) को हराया।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) आमंत्रण सूचना संख्या : ईएल-50-दानापुर-खुली-20-2026-27

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्याः ईएल-50-दानापुर-खुली-20-2026-27. 1. कार्य का नामः** दानापुर मंडल में तीन वर्षो के लिए एलएचबी कोचों के पेंट्री कार विद्युत उपकरणों और जनशताब्दी एक्सप्रेस के एसी चेयर कार के पेंट्री उपकरणों के सुधारात्मक रखरखाव अनुबंध। **2. अनुमानित लागतः** रू. 51,45,154.43/- **3. अग्रधन राशिः** रू. 1,02,900/- **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 13.11.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। **5. उपरोक्त सभी निविदा की बेवसाईट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय क्रिस बेवसाईट http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोटः** (i) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (ii) यदि जरूरी हो तो शुद्धि पत्र उपरोक्त बेवसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक प्रबंधक (विद्युत/सामान्य)
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/1176/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/26-27/40

आरव का ऑलराउंड प्रदर्शन से करुणा ने जीता मैच

पटना। बल्ले से अर्धशतक और गेंद से तीन विकेट। करुणा क्रिकेट एकेडमी के आरव कुमार चंद्रा ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को टीम को शानदार जीत दिलाई। सीएबी ग्राउंड पर खेले गए प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबले में करुणा क्रिकेट एकेडमी ने मंत्रा स्पोर्टस एकेडमी को 77 रन से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।



सरदार पटेल स्पोर्टस फाउंडेशन की देखरेख में आयोजित टूर्नामेंट में टॉस जीतकर मंत्रा ने करुणा को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। करुणा ने निर्धारित 21 ओवर में नौ विकेट पर 148 रन बनाए। ओपनर आरव कुमार चंद्रा ने 54 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से नाबाद 53 रन की पारी खेली। कप्तान शुभम ने 23 और आदित्य राज ने 18 रन बनाए। टीम के खाते में अतिरिक्त के रूप में 34 रन जुड़े। मंत्रा की ओर से आर्यन शंकर, आदित्य आनंद, अभिमान और रुद्रांश राय ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंत्रा स्पोर्टस एकेडमी की टीम 12.3 ओवर में 71 रन पर सिमट गई। अभिमान ने सर्वाधिक 25 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। आरव ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दो ओवर में आठ रन देकर तीन विकेट चटकाए।

द्वितीय विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

रौनक ने दो, जबकि आदित्य राज और अभिषेक कुमार यादव ने एक-एक विकेट लिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए आरव कुमार चंद्रा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

बड़ौदा अंडर-23 टीम पटना एयरपोर्ट पहुंची

बिहार के खिलाफ राजगीर स्टेडियम में 27 अक्टूबर से होगी भिड़ंत

पटना। बड़ौदा अंडर-23 क्रिकेट टीम आज पटना एयरपोर्ट पहुँची, जहाँ बिहार क्रिकेट संघ के लाइज़न ऑफिसर रूपक कुमार ने बुके भेंट कर टीम का स्वागत किया। स्वागत के बाद टीम पटना एयरपोर्ट से सीधे राजगीर के लिए रवाना हो गई। बड़ौदा की टीम कुल 24 सदस्यीय दल के साथ बिहार पहुँची है, जिसमें 15 खिलाड़ी और 9 सपोर्ट स्टाफ के सदस्य शामिल हैं। बिहार और बड़ौदा अंडर-23 टीम के बीच चार दिवसीय क्रिकेट मुकाबला 27 अक्टूबर से राजगीर स्थित राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस मुकाबले को लेकर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की सुविधा के साथ-साथ मैच के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं।



राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इस सीजन अब तक रणजी ट्रॉफी का एक मुकाबला और अंडर-23 वर्ग का एक मुकाबला खेला जा चुका है। बिहार और बड़ौदा के बीच 27 अक्टूबर से शुरू होने वाला यह चार दिवसीय मैच इस सीजन में इस मैदान पर आयोजित होने वाला तीसरा मुकाबला होगा।

पूर्व मध्य रेल

आवश्यक सूचना


देसरी स्टेशन यार्ड स्थित रेलवे समपार संख्या-37/सी को दिनांक 25.10.2026 सुबह 08:00 बजे से दिनांक 27.10.2026 संध्या 18:00 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णरूपेण बंद रखने के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि देसरी स्टेशन यार्ड स्थित रेलवे समपार संख्या-37/सी पर BCM मशीन द्वारा ट्रैक अनुरक्षण का कार्य करने हेतु दिनांक 25.10.2026 सुबह 08:00 बजे से दिनांक 27.10.2026 संध्या 18:00 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णरूपेण बंद रखा जाएगा।

उपरोक्त बंद अवधि में सड़क वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी-

रेलवे समपार सं. 36/सी एवं 38/सी से होते हुए जाया जा सकता है।

देसरी रेलवे स्टेशन यार्ड स्थित समपार 37/सी पर BCM मशीन द्वारा ट्रैक अनुरक्षण कार्य के क्रम में परिवर्तित मार्ग का रफ स्केच। (यह स्केच स्केल पर आधारित नहीं है।)



पीआर/1171/एसईई/अभि./एन/26-27/110 वरीय सहायक मंडल इंजी. (ला.)/पूमरे/सोनपुर